संख्या-139/2024/I/793797/2024/71-1002(099)/16/2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनॉक 13 नवम्बर, 2024**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सिंग कालेज के संचालन हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एमई/बजट/2024-25/260, दिनॉक 04.10.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वर्तमान में फेज-1 के अंतर्गत संचालित 05 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती/शाहजहॉपुर/बहराइच/फिरोजाबाद/अयोध्या में नर्सिंग कालेज के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत राजस्व पक्ष के लेखाशीर्षक 2210-05-105-03-91-मेडिकल कालेज एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कालेज के मानक मद-20-सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) में प्रावधानित एकमुश्त बजट रू0 1000.00 लाख के सापेक्ष आवश्यक धनराशि निर्गत किये जाने पर विचार करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान में फेज-1 के अंतर्गत संचालित 05 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती/शाहजहॉपुर/बहराइच/फिरोजाबाद/अयोध्या में नर्सिंग कालेज के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत राजस्व पक्ष के लेखाशीर्षक 2210-05-105-03-91-मेडिकल कालेज एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कालेज के मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में प्राविधानित धनराशि रू0 1000.00 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में **रू0 250.00 लाख (रू0 दो करोड़ पचास लाख)** की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए आपके निर्वतन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

1. वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 (यथासंशोधित) एवं यू0पी0 बजट मैनुअल के सुसंगत पैरा में दिये गये निर्देशों के अनुसार नियमानुसार स्वस्तर से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को आवंटित करने की कार्यवाही की जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3. अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा इसे आहरित कर डाकघर/बैंक खाते में नही रखा जायेगा।
4. स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रुपये 2,50,00,000 (रुपये दो करोड़ पचास लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 2210051050391 मेडिकल कालेज एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कालेज **मानक मद** 20 सहायता अनुदान - (गैर वेतन) सामान्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्त प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय

मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या व तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती/शाहजहॉपुर/बहराइच/फिरोजाबाद/अयोध्या ।
4. वित्त नियंत्रक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती/शाहजहॉपुर/बहराइच/फिरोजाबाद/अयोध्या।
5. मुख्य कोषाधिकारी, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बस्ती/शाहजहॉपुर/बहराइच/फिरोजाबाद/अयोध्या।
6. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. नोडल अधिकारी, बजट एलाटमेण्ट सिस्टम, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2/वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in